तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024

6 ढपली, कर्मकाण्ड, संगीत व व्यक्तित्व निर्माण के ...



5 जलाशयों से छोड़ा गया भरपूर पानी, पर अब ...





## खबर संक्षेप

### 51 पौवा देशी शराब के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार



**दल्लीराजहरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 22 स्थित सब्जी मार्केट में एक होटल में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी इंदल साहू पिता स्व. लल्लू साहू उम्र 82 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 51 पौवा देशी प्लेन शराब एवं शराब बिक्री की नकदी रकम 6,120 रूपए जब्त किए गए हैं। आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

### चालक को आई झपकी अनियंत्रित वाहन पलटा



**गुरूर।** ग्राम कुम्हारखान तथा पुरूर के बीच में एक दसचक्का वाहन हादसे का शिकार हो गया। चालक तड़के सुबह 4 बजे सफर कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार दसचक्का वाहन के चालक को हल्की झपकी आ गई, जिसके बाद वह वाहन को सम्हाल नहीं पाया और वाहन सड़क किनारे खाली जगह में जा गिरा, जिससे वह पलट गया। ट्रक में मक्का भरा हुआ था। गनीमत रही कि वाहन के परखच्चे उड़ जाने के बाद भी ड्राईवर को कोई नुकसान नहीं हुआ और वह सुरक्षित है।

## मनमानी: बुधवारी बाजार में भारी अव्यवस्था, व्यापारियों के आगे प्रशासन ने टेके घुटने

# चबूतरे छोड़ सड़कों पर कब्जा, बाजार में घुसना मुश्किल, घुस गए तो निकलने में छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बुधवारी बाजार में अव्यवस्थित ढंग से लग रहे साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने में थक चुका नगर पालिका प्रशासन असहाय नजर आ रहा है। यह तस्वीर देर शाम बुधवारी बाजार की है।

वैसे तो बुधवारी बाजार में सुबह से रात तक दोपहिया वाहन से लेकर अन्य बड़े वाहनों का आवागमन रहता है, लेकिन साप्ताहिक बाजार रविवार और बुधवार को जब सब्जी व्यापारियों और खरीददारों की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे समय में वाहनों का बाजार के भीतर भीड़ वाले इलाके में प्रवेश करना मुश्किल हो जाता है। बुधवारी बाजार में पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों की संख्या इतनी अधिक है, कि जगह की कमी हो रही है। सब्जियों की खरीदारी करने पहुंचने वाले ग्राहकों की भी संख्या बहुत होती है। ऐसे में बड़ी मुश्किल से ही पैदल चलकर लोग खरीदी करते हैं। इस बीच यदि कोई दोपहिया वाहन लेकर बाजार में घुस जाए, तो स्वयं वाहन चालक के साथ ही फुटकर व्यापारियों सहित ग्राहकों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, इसके कारण कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है।



### यातायात पुलिस का दावा फेल

यातायात पुलिस का दावा है कि साप्ताहिक बाजार के दिन रविवार और सोमवार को बाजार के भीतर किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाता, जबकि स्थिति इन दावों की ठीक विपरीत है। दोपहिया वाहन से लेकर अन्य वाहन भीड़-भाड़ वाले बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।

### लाखों का चबूतरा शोपीस, व्यवस्था सुधारने में प्रशासन नाकाम

वर्षों पहले लाखों रुपए की लागत से बड़े-बड़े चबूतरों का निर्माण किया गया था। व्यावसायी लाखों रुपए से बने चबूतरा में सब्जी दुकान लगाकर व्यवसाय करने के बजाए सड़क पर बैठकर व्यावसाय कर कर रहें हैं। सब्जी व्यापारियों की मनमानी के आगे पालिका प्रशासन भी घुटने टेक दिए हैं। जबकि, चबूतरे अब होटल, साइकिल स्टैंड, शराब पीने का अड्डा बनकर रह गए हैं, वहीं कुछ चबूतरे शोपीस बने पड़े हैं।

### परेशानियों से बचने बाजार को व्यवस्थित करना जरूरी

समय के साथ स्थिति बदल रही है। शहर की आबादी बढ़ रही है। सब्जी व्यपारियों के साथ ही ग्राहकों की संख्या भी लगातार बढ़ते क्रम पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मेलों में जितनी भीड़ रहती है, उससे कहीं ज्यादा भीड़ यहां के साप्ताहिक बाजार में रहती है। बाजार की व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में इसे संभालना प्रशासन के लिए और भी मुश्किल हो जाएगा।

# महिला से पीछा छुड़ाने पति और उसके दोस्त ने की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले के सनौद थाना क्षेत्र में ग्राम तितुरगहन में सड़क किनारे मिली महिला की लाश की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के पति और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की साजिश महिला के पति व उसके दोस्त दो साल पहले ही कर चुके थे और हत्या के वारदात को उसके दोस्त ने अंजाम दिया। आरोपी पति ने बीमा की राशि हड़पने हत्या की साजिश रची थी।

- सनौद थाना पुलिस ने सुलझाई क्षेत्र के ग्राम तितुरगहन में मिली लाश की गुत्थी

पुलिस ने बताया कि आरोपी पति खिलावन साहू और उसके दोस्त डीसू साहू दोनों ने मिलकर महिला की हत्या की साजिश रची। 4 अप्रैल को डीसू साहू महिला को अपने गांव रामपुर बुलाकर उसे अपने खेत में ले गया और उसे शराब पिलाने के बाद गला दबाकर बेहोश कर दिया उसके बाद महिला के सीने को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। हत्या की घटना को छुपाने के लिए आरोपी डीसू साहू महिला के शव को प्लास्टिक के बोरी में भरकर रामपुर से उसके ▶▶| शेष पेज 05 पर

### खिलावन की दूसरी पत्नी थी मृतका, हत्यारे के साथ था अवैध संबंध

पुलिस के अनुसार आरोपी पति खिलावन शादीशुदा होने के बावजूद 2012 में पड़ोस की रहने वाली मृतका भेश्वरी साहू से विवाह किया, उनके तीन बच्चे भी हैं। इस दौरान दोनों के बीच विवाद होने के कारण महिला गांव में ही अलग रह रही थी। वहीं, पति ख़िलावन का दोस्त डीसू साहू जो मुख्य आरोपी है, उसका महिला के साथ अवैध संबंध था। दोनों ही आरोपियों ने महिला से पीछा छुड़ाने के लिए साजिश रचकर उसकी हत्या कर दी।

### हत्या के आरोप में 10 साल सजा काट चुके हैं दोनों आरोपी, जेल में हुई दोस्ती

जानकारी के अनुसार आरोपी खिलावन साहू ने 2001 में अपने फुफु दीदी (बुवा) की हत्या कर दी थी, जिसके बाद वह इस मामले में 2009 तक रायपुर के सेंट्रल जेल में सजा भुगती। इस दौरान जेल में आरोपी डीसू साहू भी हत्या के मामले में सजा काट रहा था। इस दौरान दोनों की दोस्ती हो गई। जेल से छूटने के बाद भी दोनों की दोस्ती बरकरार रही और एक दूसरे के घर आना-जाना लगा रहा। इस दौरान आरोपी डीसू साहू के मृतका भेश्वरी साहू से अवैध संबंध रहा।



# 283 मतदान केंद्र ऐसे, जहां नहीं बजेगी मोबाइल की घंटी, अलर्ट मोड में रहेंगे थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में 7 लोकसभा क्षेत्रों के 283 मतदान केंद्रों पर आज तक संचार क्रांति दस्तक नहीं दे सकी है। फोन, मोबाइल या इंटरनेट की सुविधा से दूर इन मतदान केंद्रों में संचार नेटवर्क बहाल नहीं किया जा सका है।

इन शेडो एरिया के मतदान केंद्रों में मतदान कराने आयोग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। ये ऐसे दुर्गम इलाके हैं, जहां लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया सुचारू करने के लिए भी तत्काल लैंडलाइन फोन या इंटरनेट सेवा का पहुंचना संभव नहीं, इस कारण हर मतदान केंद्र से वोट के दिन वेबकास्टिंग का संकल्प पूरा होता नहीं दिख रहा है। इन मतदान केंद्रों में आपात स्थिति के लिए 324 रनर बनाए गए हैं। शेडो एरिया मतदान केंद्र उसे कहा जाता है, जहां किसी भी संचार नेटवर्क की पहुंच नहीं है। राज्य में 7 लोकसभा के अंतर्गत 18 जिलों में 283 शेडो मतदान केंद्र हैं। शेडो एरिया वाले मतदान केंद्रों पर किसी भी मोबाइल कंपनी का नेटवर्क नहीं मिलता। ऐसे में सूचना के आदान-प्रदान के लिए चुनाव आयोग राज्य पुलिस के माध्यम से यहां हाई फ्रिक्वेंसी के स्थायी वायरलेस सेट लगाए जाते हैं। यहां पर मतदान दलों को विशेष तौर पर अलर्ट रखा जाता है। आपात स्थिति के लिए रनर तैयार किए जाते हैं, जो मतदान दलों की सहायता करते हैं।

अलग खबर

## सूचना के आदान-प्रदान के लिए वायरलेस सेट से ली जाती है जानकारी

■ चुनाव आयोग ने यहां मतदान दल के अलावा 324 रनर भी किए नियुक्त


फाइल फोटो

### फोर्स की तैनाती में विशेष सावधानी

संचार नेटवर्क से दूर रहने की संवेदनशीलता को भांपते हुए चुनाव आयोग ने सुरक्षा बलों की तैनाती में विशेष सावधानी रखते हैं। यहां पर अतिरिक्त बलों की व्यवस्था भी की जाती है। ऐसे इलाकों से संबंधित थानों को भी अलर्ट मोड पर रखा जाता है। वहां पुलिस फोर्स की भी अतिरिक्त व्यवस्था की जाती है।

### तीसरे चरण में लगेंगे साढ़े 15 हजार कैमरे

राज्य में तीसरे चरण के लिए बनाए गए 15 हजार 701 मतदान केंद्रों में से 7887 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कराई जा रही है। प्रत्येक मतदान केंद्र में दो कैमरे लगाए जाएंगे। मतदान केंद्रों की इस माध्यम से केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से निगरानी की जा सकेगी। तीसरे चरण में कुल 15 हजार 712 कैमरों के माध्यम से मतदान केंद्रों की मॉनिटरिंग की जाएगी। वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर कमांड कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यहां पर 16 एलईडी के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### आकाश ने किया बृजमोहन का भव्य स्वागत

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव प्रचार में रोड शो में निकले बृजमोहन अग्रवाल का बीती रात स्टेशन रोड पर बीजेपी नेता आकाश विग ने अपने सैकड़ों समर्थको के साथ भव्य स्वागत किया। एक क्रेन के जरिए 50 फीट की फूलों की माला श्री अग्रवाल को पहनाई गई। स्वागत से अभिभूत श्री अग्रवाल ने अपने प्रचार वाहन से उतरकर उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार कर संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में मोदीजी को पुनः प्रधान मंत्री बनाने लोगों से अपील की। रोड शो में चल रहा एक लंबा काफिला इस दौरान रुका रहा।

### राजधानी पहुंचे एनआरआई ने मतदाताओं को किया जागरूक

**रायपुर।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है, तभी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दुर्ग निवासी एनआरआई लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने रविवार को मध्यप्रदेश के रास्ते रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने हाथों में तख्ती लेकर लोगों को वोट डालने अपील की। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में जितने प्रतिशत वोटों की उम्मीद थी, अपेक्षानुरूप उससे कम मतदान हुआ। हालांकि छत्तीसगढ़ में मतदान का प्रतिशत 70 के करीब रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करने सात समुंदर पार दक्षिण अफ्रीका में रह रहे दुर्ग निवासी संतोष तिवारी घड़ी चौक तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में पहुंचे, जहां वे लोगों से मतदान करने अपील करते रहे।

### स्टेशन के एसी वेटिंग हॉल में आग, मची भगदड़



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन के एसी वेटिंग हॉल में रविवार रात 8.50 बजे शार्ट सर्किट से आग गई, जिसके बाद भगदड़ मच गई। वेटिंग हॉल में मौजूद 20 से अधिक यात्रियों ने भागकर जान बचाई। कुछ यात्री स्टेशन से सीधे बाहर निकले तो किसी ने प्लेटफार्म ही छोड़ दिया। सुरक्षा के लिहाज से प्लेटफार्म के सामने प्लेटफार्म नंबर 1 को कुछ समय के लिए खाली करा दिया गया। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एक महीने पहले ही प्लेटफार्म 7 पर मिल्क पार्लर में आग लगी थी। स्टेशन में आग लगने की यह दूसरी घटना है।
जानकारी के मुताबिक एसी के पास हुए शार्ट सर्किट से वेटिंग हॉल के अंदर आग लग गई। घटना के बाद यात्री अपने परिजनों व सामान के साथ चीखते हुए बाहर भागने लगे। कुछ ही देर में पूरे वेटिंग हॉल में धुआं भर गया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसके दत्ता मौके पर पहुंचे और तत्काल आग बुझाने में जुट गए।

*कोई क्षति नहीं : वातानुकूलित प्रतीक्षालय में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं, कोई भी क्षति नहीं हुई है।*
*- एसके दत्ता, प्रभारी निरीक्षक*

## अमृत मिशन में 60 हजार घरों में लगाए जाएंगे मैनुअल वाटर मीटर

# खपत के आधार पर जल शुल्क का फार्मूला फिलहाल नहीं, पुरानी दर पर होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में खपत के आधार पर लोगों से जल शुल्क वसूली का फार्मूला अभी लागू नहीं होगा। करदाताओं से पुरानी दर पर ही नगर निगम प्रॉपर्टी टैक्स के साथ साल में एक बार 2400 रुपए की दर से जल शुल्क पूर्व की तरह वसूल करेगा। नए वाटर मीटर से पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क वसूली योजना को लंबित रखा गया है। जबकि नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहरभर में अमृत मिशन और 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना के तहत 2 अलग-अलग तरह के वाटर मीटर घर-घर लगाए जा रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार


शहर में पानी की चोरी रोकने और पाइपलाइन लीकेज की समस्या दूर करने रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अलग-अलग योजना में नई पाइपलाइन बिछाकर लोगों के घरों में पीने का साफ पानी पहुंचाने वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं, ताकि अंतिम छोर तक पर्याप्त प्रेशर के साथ नलों के माध्यम से पीने का साफ पानी पहुंचाया जा सके। नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत 60 हजार घरों में निशुल्क वाटर मीटर लगाने, पाइपलाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन करने मुंबई की इंडियन ह्यूम पाइप कंपनी को ठेका दिया है, जिसमें वाटर मीटर में पानी की खपत से जल शुल्क लिया जाएगा। प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा ने बताया, अनुबंधित एजेंसी ने अब तक शहर के अलग-अलग वार्डों में 52 हजार मैनुअल वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया है, बाकी के 8 हजार वाटर मीटर जून तक लगा दिए जाएंगे।

## स्मार्ट सिटी 24 घंटे वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट में 23 हजार घरों में लगा रहा स्वचालित स्ट्रेटिक वाटर मीटर

### मैकेनिकल वाटर मीटर की रीडिंग

अमृत मिशन के तहत शहरभर में जो नए वाटर मीटर लगाए गए हैं, वे एक तरह से मैकेनिकल वाटर मीटर है, जिसमें डिब्बा खोलकर रीडर मीटर की रीडिंग की जाएगी, पर अभी तक इसके लिए पानी की खपत के हिसाब से शुल्क तय नहीं हुआ है। 60 हजार घरों में निगम के गिनती के कर्मचारी किस तरह पहुंचेंगे, ये भी एक बड़ा सवाल है। रीडिंग मासिक होगी, तिमाही या सालाना, यह भी तय नहीं?





### पहले के मीटर कबाड़, फ्लॉप रहा प्रोजेक्ट

नगर निगम ने 5 साल पहले बाहर की कंपनी को ठेका देकर शहर के अलग-अलग वार्डों के 25 हजार घरों में पानी की खपत जांचने वाटर मीटर लगवाए। इसके नाम पर ठेका कंपनी ने 1500 रुपए से लेकर 2500 रुपए शुल्क वसूली की। न तो उस मीटर की कभी रीडिंग हुई, न पानी की खपत नापने नगर निगम के कर्मचारी पहुंचे। अलबत्ता घरों में लगाए गए वाटर मीटर जंग लगने से खराब हो गए तो कहीं लोगों ने अनुपयोगी समझकर कबाड़ में बेच डाले। कुल मिलाकर वार्डों में खपाढ मीटर का कोई हिसाब-किताब नहीं है। जबकि 44 करोड़ का ये प्रोजेक्ट 25 हजार घरों में वाटर मीटर लगाने के लिए लाया गया था। टेंडर कर ठेका एजेंसी चुनी गई थी।

### जल शुल्क अभी तय नहीं

नए वाटर मीटर से पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क की वसूली संबंधी दर तय नहीं हुई है। इसके लिए एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर सामान्य सभा में भेजा जाएगा। इसके लिए राज्य शासन से मंजूरी लेनी होगी, इसलिए अभी पुरानी दर पर ही जल शुल्क लिया जाएगा।
- **सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, ननि रायपुर

### नई दर का अभी प्रस्ताव नहीं

शहर में अमृत मिशन और 24 घंटे वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के तहत नए वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। अभी पुरानी दर पर ही लोगों से जल शुल्क की वसूली होगी। नई दर को लेकर फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।
- अबिनाश मिश्रा, आयुक्त, ननि रायपुर

### 15 वार्डों में ऑटोमेटिक वाटर मीटर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में 15 वार्डों के 23 हजार घरों में स्वचालित चिप सिस्टम वाले वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। यूरोपियन कंपनी जाइलेम से 23 हजार स्ट्रेटिक वाटर मीटर खरीदे जा रहे हैं। पहली खेप में 3 हजार वाटर मीटर और दूसरी खेप में 17 हजार आधुनिक स्वचालित वाटर मीटर आ गए हैं। इनमें से 2500 नए वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों के मुताबिक चिप सिस्टम वाले इस 1 वाटर मीटर की कीमत करीब 15 हजार रुपए है। इस चिप में लगे वाटर मीटर की रीडिंग आसान रहेगी। प्रोजेक्ट प्रभारी अधिकारी अमित मिश्रा का कहना है कि बाइक में सवार होकर मीटर रीडर शहर की जिस गली में डिवाइस लेकर जाएगा, उस एरिया में लगे वाटर मीटर की रीडिंग उस डिवाइस पर स्वचालित रूप से हो जाएगी, यानी रीडर को एक-एक घर में जाकर मीटर रीडिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी। 15 वार्ड के 23 हजार घरों में इंटर कनेक्शन करने, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाने और चिप सिस्टम वाले स्ट्रेटिक वाटर मीटर लगाने कोल्हापुर की एजेंसी को रायपुर स्मार्ट सिटी ने 130 करोड़ में ठेका दिया है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने गंज पानी टंकी और मोतीबाग नई पानी टंकी के कमांड एरिया वाले 15 वार्डों को 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट के रूप लिया है।

## चाकू से गला रेतकर हत्या का प्रयास, 3 गिरफ्तार पुलिस ने निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ पुरानी बस्ती क्षेत्र में पांच दिन पूर्व दिया था वारदात को अंजाम

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व युवक की हत्या करने की नीयत से गले तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने जिस क्षेत्र में चाकू से जानलेवा हमला किया था, पुलिस ने उसी इलाके में बदमाशों का जुलूस निकाला। पुलिस के मुताबिक प्रिंस सिंह के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुरानी बस्ती निवासी जगमोहन उर्फ जग्गू साहू, जितेंद्र साहू उर्फ जरहा तथा नम साहू उर्फ लाला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पांच दिन पूर्व 1 मई को तड़के साढ़े छह बजे भाठागांव, बीएसयूपी कालोनी निवासी प्रिंस जिम जा रहा था, इसी दौरान दंतेश्वरी मंदिर के पास तीनों बदमाश आपस में बात कर रहे थे। बदमाशों ने प्रिंस के मामा के साथ हुए पूर्व में हुए विवाद के चलते उसका रास्ता रोककर चाकू से गला रेत दिया। चाकू के हमले से बुरी तरह से आहत जैसे ही वह जमीन पर गिरा। बदमाशों ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई करने के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से जानलेवा हमला कर अधमरा कर दिया और फरार हो गए।

## रक्तदान शिविर में 43 लोगों ने दिया ब्लड




**रायपुर।** रक्तदान जीवन दान से कम नहीं, इस उक्ति को छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा ने अपने कार्यशैली में उतारा है। सभा की युवा विंग ने रविवार को पंजाब केशरी भवन जोरा में थैलेसीमिया प्रभावित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें हर उम्र के प्रतिभागी शामिल हुए। युवा, महिलाओं और वरिष्ठजनों ने स्वस्फूर्त होकर रक्तदान कर अनुकरणीय कार्य किया। कोषाध्यक्ष नीरज सेठी ने 65वीं बार रक्तदान कर लोगों को अचंभित कर दिया, वहीं आशीष अहलूवालिया ने उत्साह के साथ 51वीं बार रक्तदान कर इस नेक काम में हाथ बंटाया।

## एनजीटी ने तालाब, नदी नहर पर कब्जों का हिसाब और कार्रवाई का मांगा ब्योरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राज्य सरकार से प्रदेश के सभी तालाबों, नदी, नहरों पर किए गए अतिक्रमण, अवैध कब्जों का ब्योरा मांगा है। इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। साथ ही ये भी पूछा गया है कि अगर कब्जे हैं तो उन्हें कब तक हटाया जाएगा।

■ प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जारी हुआ पत्र
■ सात दिनों में देनी होगी जानकारी

बताया गया है कि एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच भोपाल ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल और संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र जारी कर यह जानकारी देने कहा था। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय क्षेत्रों में स्थित तालाबों, जलाशयों में अतिक्रमण तथा अतिक्रमण हटाए जाने संबंधी की गई कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए एक प्रोफार्मा तैयार किया है। इसमें जिले तथा निकाय के नाम के साथ वॉटर बॉडी का नाम, तालाब, नदी, नहर, क्या है तथा उस पर अभी अतिक्रमण है या नहीं, इसकी जानकारी देने कहा है। इसी जानकारी में ये भी बताना है कि यदि अतिक्रमण किया गया है तो उसे अतिक्रमण मुक्त कब किया जाएगा।

### देनी होगी ये जानकारी

ये जानकारी देनी है कि तालाब का नाम क्या है। राजस्व दस्तावेज में उसका रकबा और क्षेत्रफल कितना है। तालाब के अक्षांश-देशांश की जानकारी सहित बताना है कि वर्तमान में तालाब पर अतिक्रमण है या नहीं। यदि अतिक्रमण है तो हटाने के लिए क्या कार्रवाई की गई। कब कार्रवाई की गई। यदि कार्रवाई नहीं की गई तो ये बताना होगा कि कब तक कार्रवाई करके तालाब को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों से कहा है कि प्रोफार्मा के हिसाब से जानकारी देने के लिए राजस्व, भू- अभिलेख से सत्यापन के बाद सात दिनों के अंदर ये जानकारी भेजी जाए।

## छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार का 350 करोड़ का आयुष्मान घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने छत्तीसगढ़ में बदहाल हो रही स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा, एक तरफ विष्णुदेव सरकार का दावा है कि आयुष्मान योजना में 350 करोड़ रुपए का भुगतान निजी अस्पतालों को किया गया है, लेकिन आईएमए और भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का ही आरोप है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से अब तक आयुष्मान योजना के तहत किसी भी निजी चिकित्सालय को एक भी रुपए का भुगतान नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार बताए कि 350 करोड़ रुपए की यह राशि किसकी तिजोरी में गई? उन्होंने कहा, फंड रुकने के चलते छत्तीसगढ़ के लगभग 1500 से ज्यादा निजी अस्पतालों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया।

■ कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने लगाया आरोप

*300 करोड़ की पोलियो वैक्सीन एक्सपायरी : उन्होंने बताया, भाजपा की प्रशासनिक अकर्मण्यता के चलते 300 करोड़ की पोलियो वैक्सीन और टेस्ट किट बिना उपयोग के एक्सपायरी हो गए। विष्णुदेव साय सरकार का पूरा फोकस केवल कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार में है। जनसरोकार से भाजपा को कोई लेना-देना नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री ये बताएं कि उन्हीं के दावे के अनुसार आयुष्मान योजना के 350 करोड़ जब अस्पतालों को मिले नहीं तो आखिर गए कहां?*

## आचार संहिता में अटका गरीबों का 'आशियाना' अब लोकसभा चुनाव के बाद खुलेगी लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले गरीब व मध्यमवर्गीय ऐसे परिवार, जो सालों से शहर में किराए के मकान में बतौर किरायेदार अपना जीवन बिता रहे हैं। उन्हें अब खुद के नाम से सिर छिपाने का ठिकाना मिलेगा। किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना में 2 हजार आवेदकों के फ्लैट के आवंटन की लॉटरी गांधी सदन में चुनाव के बाद निकाली जाएगी। इन आवेदकों ने रायपुरा, कचना, दलदल सिवनी, मठपुरैना, सोनडोंगरी और कोटा में निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन किए थे। पात्र होने के बाद प्रथम किस्त के रूप में 35 हजार रुपए उन्होंने जमा करा दिए हैं।

■ दो महीने से खुद का आशियाना पाने आवेदक कर रहे इंतजार

किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना अंतर्गत शहर के 6 अलग-अलग निर्मित 2 हजार आवासों के आवंटन के लिए लॉटरी लोकसभा चुनाव के बाद निकाली जाएगी। पिछले 2 माह से इंतजार कर रहे हजारों आवेदकों को प्रक्रिया पूरी होने के बाद किरायेदारी से मुक्ति मिलेगी और मकान मालिक बनने का मौका मिलेगा। नगर निगम रायपुर की योजना शाखा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक में किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम के तहत राजधानी के रायपुर, कचना, दलदल सिवनी, मठपुरैना, सोनडोंगरी और कोटा में निर्मित ईडब्ल्यूएस आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे, जिसमें दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र हितग्राहियों का चयन कर प्रथम किस्त के रूप में उनसे 35 हजार रुपए जमा कराए थे। बाकी राशि हितग्राही को बैंक फाइनेंस के माध्यम से या कैश जमा कराने का विकल्प दिया गया।

### चुनाव के बाद निकालेंगे लॉटरी

किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना के तहत 2 हजार ईडब्ल्यूएस के रिक्त फ्लैट आवंटन की लॉटरी चुनाव के बाद निकाली जाएगी। 6 लोकेशन पर आवेदकों से मिले ऑनलाइन आवेदनों की पड़ताल के बाद पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया है।
- **राजेश शर्मा,** नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, एएचपी घटक

## हल्ला मचते ही एसीएस ने ली सुध, समस्या से निपटने रीएजेंट की इंटर कॉलेज ट्रांसफर व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जांच नहीं होने से निराश आंबेडकर अस्पताल से मरीजों के लौटने के मामले में विभागीय अफसरों ने ध्यान दिया है। री-एजेंट की दिक्कत तत्काल दूर करने के लिए इंटर कॉलेज ट्रांसफर की व्यवस्था बनाने कहा गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस मामले में मेडिकल कॉलेज, आंबेडकर अस्पताल तथा डीके अस्पताल के डॉक्टरों की बैठक ली। आंबेडकर अस्पताल में काफी समय से री-एजेंट की दिक्कत है। इसकी वजह से आने वाले मरीजों को सामान्य तरीके की सीबीसी, आरएफटी-एलएफटी टेस्ट की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इलाज जरूरी होने पर मरीजों को निजी लैब में जाकर टेस्ट कराना पड़ रहा है। मामले का हल्ला मचने के बाद रविवार को विभागीय स्तर पर समस्या दूर करने समन्वय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की एसीएस मनोज पिंगुआ ने उपचार को अति आवश्यक सेवा बताते हुए री-एजेंट की कमी दूर करने के निर्देश दिए हैं। तत्काल राहत के लिए अंतर चिकित्सा महाविद्यालयीन स्थानांतरण व्यवस्था अपनाते हुए दूसरे कॉलेज से री-एजेंट एवं कंज्यूमेबल की व्यवस्था करने कहा गया है। इसके लिए अन्य शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से री-एजेंट की जानकारी लेने निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उनके साथ विशेष सचिव स्वास्थ्य चंदन कुमार, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई साहू, डीके अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक शिप्रा शर्मा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।



### सीजीएमएससी को हिदायत

बैठक के दौरान सीजीएमएससी के अफसरों को हिदायत दी गई है कि मेडिकल कॉलेजों से आने वाले इंडेक्स के आधार पर जरूरी सामान की आपूर्ति के लिए तेजी से प्रक्रिया पूरी की जाए। अभी आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम को ध्यान में रखते हुए सीजीएमएससी के साथ समन्वय स्थापित कर अतिशीघ्र व्यवस्था बनाई जाए।

### कोटेशन से खरीदी पर चर्चा

आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए री-एजेंट तथा कंज्यूमेबल की खरीदी मेडिकल कॉलेज स्तर पर कोटेशन के आधार पर करने चर्चा हुई।

## जिला स्तरीय वूशु स्पर्धा में 40 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वूशु एसोसिएशन के मार्गदर्शन में कोरबा जिला वूशु एसोसिएशन के तत्वाधान मे सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिकाओं की जिला स्तरीय स्पर्धा का आयोजन एसईसीएल सेंट्रल वर्कशाम मैदान में संपन्न हुआ। जिला वूशु एसोसिएशन के सीईओ सियाराम बंजारे ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जिले के लगभग 40 बालक बालिका किकबाक्सिंग खिलाड़ियों ने अलग अलग वजन वर्ग के अंतर्गत हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव सुरेश क्रिस्टोफर एवं कार्यालय सचिव तथा छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विद्या साहू, विद्या मोगरे,विवान माणिक,रुद्र पटेल, प्रतीक साहू, समर प्रताप राणा ,अनुज कुमार, वाशु सिंह बरेठ, देव यादव, पुनीत बहादुर, माया पासी, गीत मोगरे, श्रृष्टि कुर्रे, साक्षी महिलागें, जसपाल भास्कर, तुषार सिंह, सुमित कुमार यादव, मयंक सिंह, रजत गोयल, सुयश नामदेव, सौम्या श्रीवास्तव,जगदीश यादव, सोमेश साहू, अशोक साहू, हिमांशू यादव, प्रभात कुमार साहू,शुभम कुमार यादव, लोकिता चौहान, रमनदीप कौर, श्रेया शुक्ला आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ घर-घर जाकर बांट रहे मतदाता पर्ची

**भिलाई।** मतदान के पहले बीएलओ द्वारा घर-घर बांटे जा रहे मतदाता पर्ची सुविधाजनक मतदान के लिए एक महत्वपूर्ण पर्ची होता है । जिसमें मतदाता का भाग संख्या व सरल क्रमांक दर्ज होता है जिसके आधार पर बूथ में मतदान अधिकारी द्वारा मतदाता का नाम चिन्हित प्रति से मिलान कर मतदाता को वोट डालने की अनुमति से पूर्व वह उसका पहचान पत्र की जांच करता है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र के रूप में 12 प्रकार के दस्तावेज को मान्यता प्रदान करता है जिसमें मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड , फोटोयुक्त पेंशन बुक, शस्त्र लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, डांक विभाग द्वारा जारी फोटो युक्त बैंक खाता, पासपोर्ट, शासकीय सेवा पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त छात्र पहचान पत्र, सांसद विधायक को जारी पहचान पत्र आदि दस्तावेज दिखाकर आप अपना मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

### बीएसपी के एसएमएस में लगी आग, जन हानि नहीं

**भिलाई ।** बीति रात भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शाप (एसएमएस) -3 में आग भीषण आग लग गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। एसएमएस 3 में रात करीब एक बजे अचानक आग लग गई । घटना के दौरान काम चल रहा था। बताते हैं कि आग लेडर में पंचर होने से लगी। आग लगने से नाइट शिफ्ट में काम कर रहे कर्मियों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही सेफ्टी विभाग और अधिकारी पहुंचे। कंट्रोल रुम से सूचना मिलते ही घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड गाड़ियां पहुंचीं। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई । आग लगने के कारणों को पता नहीं चल पाया है।


### होलसेल कपड़े की दुकान से युवक गिरा

**भिलाई।** चटाई क्वाटर कैंप 2 महावीर भवन के पास स्थित पर्दा आदि के होलसेल की तीन मंदिला दुकान है। जहां से शनिवार को एक युवक गिर गया। घटना युवक गंभीर रुप से घायल है। जिसे सुपेला स्थित निजी अस्पताल के आईसीयू में दाखिल कराया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक कैम्प 2 निवासी दिलदार नामक युवक उक्त होलसेल के दुकान में हमेशा आता जाता था।

विडंबना : मानीटरिंग नहीं किए जाने के कारण कई जगह पानी चोरी की शिकायतें

# जलाशयों से छोड़ा गया भरपूर पानी, पर अब तक नहीं बुझी कई तालाबों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में तालाबों को भरने के लिए जलाशयों से पानी छोड़ा गया है, लेकिन इसकी देख रेख करने वाला कोई नहीं है। इसके कारण पानी खुले में ऐसे ही बह रहा है या तो किसी अन्य कामों के लिए उपयोग में लिया जा रहा है।

जिले के प्रमुख जलाशयों से गर्मी के दिनों में पानी की समस्या तथा लोगों के निस्तारी के लिए तालाबों को भरने के लिए पानी तो छोड़े गए लेकिन यह पानी नहरों के दरारों तथा अन्य अनेक जगहों पर गेट खोले जाने के साथ मोटर मशीन के माध्यम से पानी की चोरी के कारण कई क्षेत्रों में आज भी तालाब सूखे नजर आ रहे हैं। हालात यह है कि पानी छोड़े जाने के बाद भी कई तालाब नहीं भर पाए हैं। जिले में तांदुला जलाशय, खरखरा जलाशय, गोंदली जलाशय के साथ लघु जलाशयों से तालाबों में पानी भरा जा रहा है। इसके माध्यम से 292 गांवों के 509 तालाबों में से 217 गांव के 364 तालाब भरे जा चुके हैं। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तांदुला जलाशय में 21.01 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है। खरखरा जलाशय में 32.12 प्रतिशत, मटिया मोती में 34.34 प्रतिशत और गोंदली जलाशय में 23.22 प्रतिशत पानी उपलब्ध है।

**किस जलाशय से कितने तालाबों को मिला पानीः** तांदुला जलाशय से बालोद विकासखण्ड के 27 ग्रामों के 44 तालाब, गुण्डरदेही के 79 गांव में 15 तालाब, गुरूर के 9 गांव में 15 तालाबों को भरा जाना था, लेकिन 38.80 क्यूसेक लीटर पानी छोड़ने के बावजूद अब तक बालोद ब्लाक के 15 ग्रामों के 22 तालाब, गुण्डरदेही ब्लाक के 67 ग्रामों के 116 तालाब, गुरूर ब्लाक के 3 गांव के 3 तालाब ही भरे जा सके हैं। वहीं, खरखरा जलाशय से 17.69 क्यूसेक लिटर पानी छोड़े जाने के बाद डौण्डीलोहारा ब्लाक के 43 ग्राम के 80 तालाबों में से 38 गांव के 73 तालाब भरे जा सके हैं। गुण्डरदेही ब्लाक के 37 गांव के 84 तालाबों में से 30 गांव के 65 तालाब भरे जा सके हैं।

गोंदली जलाशय से 16.98 क्यूसेक लीटर पानी छोड़ने के बाद से बालोद ब्लाक के 20 गांव के 33 तालाबों में से 14 गांव के 17 तालाब ही भरे जा सके हैं। डौण्डीलोहारा ब्लाक के 10 गांव के 12 तालाबों में से 10 गांव के 11 तालाब ही भरे जा सके हैं। गुण्डरदेही ब्लाक के 2 गांव के 3 तालाब में से 2 तालाब ही भरे जा सके हैं। वहीं, लघु परियोजना के तहत नहरों के माध्यम से तालाबों को भरा जा रहा है। इसके माध्यम से बालोद के 6 गांव के 7 तालाबों में से 3 गांव के 3 तालाब भरे गए हैं। डौण्डीलोहारा के 7 गांव में से 9 तालाब में से 1 गांव के 1 तालाब भरे जा सके हैं। डौण्डी के तहत 12 गांव के 12 तालाबों में से 7 गांव के 7 तालाब भरे जा सके हैं।

# पुल पर डामरीकरण नहीं, डाल दिया कीचड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बदबूदार कीचड़ सड़क पर बिछाई जा रही है। जो तस्वीर आप देख रहे हैं, वह नेशनल हाईवे 930 की है। दरअसल कॉलेज रोड पर खरखरा नहर नाले में पुल का निर्माण किया गया है, लेकिन वहां डामरीकरण नहीं हुआ है।

ऐसे में डामरीकरण करने के बजाए उस जगह पर गंगा सागर से निकाली जा रही कीचड़ को डाला जा रहा है। जिस हाईवा वाहन के माध्यम से कीचड़ को सड़क पर बिछाया जा रहा है, उसकी जानकारी जब नेशनल हाईवे विभाग को दी गई, तो विभाग का कहना है कि विभाग द्वारा इस तरह का कार्य क्यों कराया जाएगा, किसी ने बदमाशी की है।

तो वहीं, इस मामले को लेकर नगर पालिका प्रशासन से जानकारी लेने की कोशिश की गई, तो पालिका प्रशासन जानकारी देने से बचते नजर आया। इस तरह की लापरवाही किसी की भी हो, लेकिन नेशनल हाईवे में बदबूदार कीचड़ को इस तरह से बिछाने से आवागमन कर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# तीन दिनों में ही लक्ष्य के 60 फीसदी तेंदूपत्ते की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में वन विभाग ने तीन दिनों में लक्ष्य के 60 प्रतिशत की खरीदी कर ली है। भाजपा सरकार द्वारा तेंदूपत्ता खरीदी दर 4000 रुपए से 5500 मानक बोरा करने का असर दिख रहा है। बड़े पैमाने पर हितग्राही तेंदूपत्ता तोड़ने जंगलों मे जा रहे हैं।

- हरा सोना इकट्ठा करने सुबह से ही जंगलों में पहुंच रहे ग्रामीण

लघु वनोपज के तहत तेंदूपत्ता की खरीदी वन विभाग के माध्यम से की जा रही है। इस वर्ष वन विभाग द्वारा जिले के 17 समितियों के माध्यम से 252 संग्रहण केन्द्रों से तेन्दूपत्ता की खरीदी की जा रही है। जिले में इस वर्ष लघु वनोपज के तहत 25800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

तेंदूपत्ता की खरीदी वनांचल क्षेत्रों में हितग्राहियों के माध्यम से अब तक कुल 60 प्रतिशत की जा चुकी है। बीते तीन दिनों में कुल 15347.360 मानक बोरे की खरीदी वन विभाग द्वारा की गई है, जिसके तहत टेकापार समिति को कुल 2000 हजार मानक बोरा लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जहां अब तक कुल 1184.22 बोरे की खरीदी की जा चुकी है जो तेंदुपत्ता खरीदी के स्तर पर प्रथम स्थान पर है। वहीं, तीन दिनों की तेंदूपत्ता खरीदी के बाद अब कुछ दिनों के लिए अनेक समितियों में तेंदूपत्ता की खरीदी पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिससे पत्ते की गुणवत्ता में सुधार आ सके और फिर बेहतर पत्तों की खरीदी किया जा सके। वहीं, तेंदुपत्ता खरीदी में गुणवत्ता सुधारने के लिए वन विभाग के अधिकारी और ठेकेदार की टीम मुस्तैद रहकर निगरानी बरत रही है। इसके कारण पत्ते की गुणवत्ता को बरकार रखने के लिए अधिकांश फड़ों में खरीदी बंद है।



**बड़भूम में 76 प्रतिशत खरीदी**

बड़भूम समिति प्रबंधक जीएस उषारे ने बताया कि तेंदूपत्ता खरीदी को अधिकांश समिति में बंद रखा गया है, जिससे पत्ते की गुणवत्ता में सुधार आ सके। वहीं, लगातार खरीदी चलने के कारण छोटे पत्ते के साथ ही लाल पत्ते की आवक बढ़ जाती है। बड़भूम समिति को कुल 1900 मानक बोरा खरीदने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके तहत अब तक कुल 1456 मानक बोरे की खरीदी की जा चुकी है, जो कुल खरीदी का 76 प्रतिशत है।

# जामगांव आर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी विजय ने मल्लीनाथ जैन मंदिर पहुंचकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लोकसभा चुनाव शोरगुल वाला प्रचार अभियान बंद होने के बाद दुर्ग लोकसभा सांसद प्रत्याशी विजय बघेल ने जामगांव आर स्थित मल्लीनाथ जैन मंदिर पहुंचकर दर्शन किए।

विजय श्री के लिए आशीर्वाद की मंगल भावना व्यक्त की। साथ में मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य हर्षा, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, मनीष जैन, उज्ज्वल केला, भीखम राठी ने भी भगवान मल्लीनाथ दादागुरूदेव शांतिगुरुदेव का दर्शन किए। तत्पश्चात जैन भवन में उपस्थित मंडल स्तर के कार्यकर्ताओ में ऊर्जा का संचार किया।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि कार्यकर्ता समर्पित मतदाता मोदीमय अपने आपको प्रत्याशी मानकर मेहनत करें। भाजपा की नियत नीति मोदी सरकार विष्णु सरकार के संदेश को घर घर पहुंचाए। मतदान से कोई भी वंचित नहीं रहे यह विशेष ध्यान सभी को रखना है। गर्मी से राहत के सारे जतन पर ध्यान रखें। प्रचंड बहुमत से भाजपा को विजय दिलाकर खुद भी गौरवान्वित हों और देश को गौरवान्वित करें।



### कार्यकर्ताओं ने किया डोर टू डोर संपर्क

भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, भाजपायुवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू ने बताया कि बाइक रैली के पश्चात डोर टू डोर संपर्क पूरा किया जा चुका है। अब मंगलवार को अधिक से अधिक मतदान हो सके, इस प्रयास योजना पर नजर टिकी हुई है। इस अवसर पर महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, कामता प्रसाद साहू, नरेश केला, द्रोण चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, केशव साहू, गोवर्धन साहू, विजय चंद्राकर, उज्वल केला, कन्हैयालाल साहू, मेघनाथ सगरवंशी, भीखम राठी, आदेश यदु, मुकेश साहू, कोमल साहू, गणेश राव, खोमलाल साहू, रोमाल साहू, शैलेंद्र साहू, संतोष साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पार्टी प्रत्याशी को जिताने भाजपा पदाधिकारियों ने ली बैठक



**गुरूर।** लोकसभा दुर्ग के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल के चुनाव प्रचार अभियान के तहत पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बटरेल में बूथ स्तर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बालोद जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह पीपरे एवं जिला मंत्री नरेश साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र साहू, कुंदन साहू, युवा मोर्चा मंडल मंत्री प्रमोद सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। आदित्य सिंह पीपरे एवं जिला मंत्री नरेश साहू ने कार्यकर्ताओं को अब की बार 400 पार के नारे के साथ मोदी की गारंटी विष्णु का सुशासन, फिर इस बार मोदी सरकार के नारे को बताते और समझाते हुए चुनाव प्रचार करते दिखे।

अक्षय तृतीया की तैयारियों में जुटे जिलेवासी

# अक्षय तृतीया को 3 दिन शेष, गुड्डा-गुड़िया सहित वैवाहिक सामग्री से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अक्षय तृतीया पर्व को महज तीन दिन शेष रह गए हैं। 10 मई को अक्षय तृतीया मनाया जाएगा। ऐसे में बाजार में गुड्डा गुड्डी सहित उनके विवाह व रस्मों में उपयोग की जाने वाली सामग्री को लेकर बाजार सजकर तैयार है।

अक्षय तृतीया के दिन गुड्डा-गुड्डी की शादी बच्चों द्वारा पूरे रीति रिवाज के साथ की जाती है। वहीं साल भर में सबसे ज्यादा विवाह इसी दिन होता है। अक्षय तृतीया के दिन को शुभ माना जाता है ऐसे में इस दिन मुहूर्त हो या न हो लेकिन सबसे ज्यादा शादी इसी दिन होती है।

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहर में भी बड़ी संख्या में विवाह होंगे। पर्व 10 मई को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी को लेकर लोग अभी से जुट गए हैं। छत्तीसगढ़ी रस्मों–रिवाज से होने वाली शादियों में बांस से बने सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग–बिरंगी पंखे, सितारों से बने मोर–मुकुट के अलावा पूजन सामग्री और दूल्हा–दुल्हन के लिए कपड़े का बाजार सज चुका है। अक्षय तृतीया के दिन जिले भर में सैंकड़ों शादियां संपन्न होंगी। लोग शादी की खरीदारी करने परिवार समेत ब्लॉक मुख्यालयों से लेकर जिला मुख्यालय तक पहुंच रहे हैं। अक्षय तृतीया को लेकर सराफा, बर्तन और रेडीमेड कपड़ों की बिक्री में 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी बताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंचने लगे हैं।






### मई-जून में मुहूर्त नहीं, पर अक्षय तृतीया में कई विवाह

24 सालों के बाद मई और जून में एक भी दिन विवाह का मुहूर्त नहीं है। इसकी वजह दोनों महीनों में शादी का कार्यक्रम नहीं हो रहा है, लेकिन अक्षय तृतीया के शुभ दिन भारी संख्या में शादी का कार्यक्रम आयोजित होगा। मई और जून में कोई विवाह मुहूर्त नहीं होने से शहर के विवाह भवनों पर इसका असर पड़ रहा है। इस साल मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त पिछले साल की तुलना में कम है।

### बर्तन दुकानों में भीड़

विवाह को लेकर इन दिनों बर्तन बाजार में भी भीड़ देखने को मिल रही है। शादी समारोह में वधू पक्ष के अधिकतर लोग कई अलग अलग तरह के बर्तन सेट लेना अधिक पसंद करते हैं। गांव से पहुंचने वाले अधिकतर लोग पानी भरने के लिए स्टील या तांबे व पीतल के बर्तन अधिक खरीद रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर लोग विवाह में बर्तन भेंट करते हैं। तेज धूप को देखते हुए लोग शादी की खरीदारी सुबह व शाम के समय कर रहे हैं। दोपहर को कम ही लोग बाजार में नजर आ रहे हैं।

### सराफा बाजार में भी रौनक

इसी तरह अक्षय तृतीया को लेकर सराफा बाजार में भी इन दिनों भीड़ है। सराफा व्यापारियों का कहना है कि सोने का दाम अधिक होने से भारी वजनी ज्वेलरी के बजाय हल्की वजन की ज्वेलरी पहली पसंद बनी हुई है। इसके अलावा चांदी की बिछिया, चंपक, कान के झुमके, बाजूबंद, कमरबंद, चांदी के सिक्के की मांग अधिक है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की तरफ भी महिलाओं का रुझान इस वर्ष अधिक है। इस समय ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक अधिक आ रहे हैं।

# महिला मोर्चा ने भाजपा के रायपुर प्रत्याशी बृजमोहन के पक्ष में किया प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिला मोर्चा बालोद की टीम ने डॉक्टर मोना टुवानी के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान लोगों से संपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाएं बताई। साथ ही राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी। सभी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने उनका हाथ मजबूत करने के लिए बृजमोहन अग्रवाल को जिताने की अपील की।

महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने बताया कि बोरियाखुर्द सहित कई जगहों पर पहुंचकर महिला मोर्चा ने चुनाव प्रचार की कमान संभाली। डॉक्टर टुवानी ने दावा किया कि रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल की जीत सुनिश्चित है। उनके प्रति लोगों का एक अलग ही झुकाव है।

### अवैध चखना सेंटर संचालक ने किया महिला सहायक आबकारी अधिकारी से दुर्व्यवहार

**भिलाई।** अवैध रुप से चल रहे चखना सेंटर पर कार्रवाई करने पहुंची महिला अधिकारी विवाद कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ धारा 186, 294, 506, 34, 353 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि ग्राम उरला में अपनी टीम के साथ सहायक जिला अबकारी अधिकारी दुर्ग वृत निर्मला ठाकुर पहुची थी। जहां पर खेत में अवैध रुप से लल्लन सिंह नामक व्यक्ति का चखना सेंटर अवैध रुप से चल रहा था। टीम ने चखना सेंटर संचालक को पहले समझाइश दी।

पेज 3 का शेष

### महिला से पीछा ...

गांव रमतरा ला रहा था। इस दौरान ग्राम तितुरगहन के पास काफी संख्या में लोग खड़े देख पकड़े जाने के डर से बोरी में भरे शव को सड़क किनारे खेत में छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा महिला के शव की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर चौबीस घंटे के भीतर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार महिला की हत्या करने से दो साल पहले उसका तीन लाख रुपए का बीमा कराया और नामिनी में आरोपी पति खिलावन ने अपना नाम डलवाया, ताकि हत्या के बाद मृतका के नाम से मिलने वाली राशि को दोनों आरोपी द्वारा आपस में बाटने का समझौता हुआ था। **पुलिस और साइबर सेल की टीम ने पकड़ाः** अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने पुलिस और साइबर सेल की टीम लगातार छानबीन करती रही। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसके साथ ही मोबाइल के लोकेशन को ट्रेस करने के बाद आरोपी पति ग्राम रमतरा जिला बालोद निवासी खिलावन साहू 42 वर्ष व ग्राम रामपुर जिला धमतरी निवासी डीसू साहू 60 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



### शराब की अवैध बिक्री करते दो पकड़ाए

**बालोद।** सायबर सेल बालोद और पुलिस ने अवैध रूप से शराब ब्रिकी करते 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 145 नग पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 13050 रूपए आंकी गई है। इसके साथ ही बिक्री की रकम 15200 एवं घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन सीजी 07 एल टी 9746 जब्त किया गया, जिसकी कीमत 40000 रूपए आंकी गई है। थाना बालोद में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रूप से शराब, गांजा की तस्करी को रोकने के लिए टीम रवाना हुई थी। इस बीच सूचना मिली कि दो व्यक्ति दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 एल टी 9746 में दो थैलों में भारी मात्रा में शराब लेकर नवोदय विद्यालय के पीछे डामर प्लांट जाने वाले रास्ते पर महुआ पेड़ के नीचे बेच रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। मामले में मालीधोरी थाना व जिला बालोद निवासी खिलेश गौतम 30 वर्ष, डोमेन्द्र ठाकुर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

### टेलीग्राम के मैसेज से खाते से रुपए गायब

**भिलाई।** टेलीग्राम के मैसेज से वायुसेना के जवान के खाते से लाखों रुपए की ठगी हो गई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 4 लक्ष्मीपारा जामुल निवासी नितिन यादव वायुसेना का जवान है। जो महाराष्ट्र के नासिक में पदस्थ है। 29 अप्रैल को उसके मोबाइल पर टेलीग्राम में अज्ञात के आईडी से मैसेज आया। जिसमें पीड़ित को टास्क दिया गया । जिसे गूगल में जाकर लाइक करने को कहा गया। लाइक करने में 50 रुपए मिलते थे। अचानक इस तरह का टास्क आने लगा। जिसमें 3,000 रूपये के बदले 3,900 रूपये और इसी तरह पैसें बढते रहा। फोन पे के माध्यम से अन्य आईडी से 20 हजार का 50 हजार भेजा गया। उसके बाद कोइ भी अमांउट पीड़ित को नहीं लौटाया गया। पीड़ित ने अपने पुराने रुपए वापस लेने के लिए 6 लाख रूपये अज्ञानत वश बैंक खाते में भेजे गए। आरोपियों ने खाता ब्लाक होने का बहाने कर 5 लाख रुपए का डिमांड पीड़ित से करते रहे।परेशान पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से किया।

### क्रेसर खदान में हादसा ऑपरेटर सहित 3 झुलसे

**भिलाई।** क्रेसर खदान में ड्रिलिंग मशीन में डीजल फिलिंग करते समय हादसा हो गया। घटना में काम रहे रहे तीन श्रमिक घायल हो गए है। जिसमें एक ऑपरेटर, हेल्पर एक अन्य श्रमिक झुलस गया है। घटना शनिवार शाम 5 बजे की बताई जा रही है। तीनों को उपचार के लिए तुरंत सेक्टर 9 अस्पताल लाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पथरिया में एनके नामक क्रेशर खदान है। जिसका संचालक हरिशंकर कुम्भकार है। शनिवार को क्रेशर खदान में ड्रिलिंग मशीन से पत्थर तोड़ने का काम किया जा रहा था। इस दौरान शाम को ड्रिलिंग मशीन में डीजल फिलिंग किया गया। अचानक ब्लास्ट होने से पथरिया निवासी ऑपरेटर राजेश यादव, सोनेसराय कुनाल चौहान और नंदिनी बासील बुरी तरह झुलस गए।

# दल्लीराजहरा-दुर्ग-रायपुर तक ट्रेनों की लेटलतीफी ने बढ़ाई यात्रियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ समन्वय समिति ने दल्ली राजहरा दुर्ग रायपुर तक चलने वाली ट्रेन को निर्धारित समय पर चलाने की मांग की है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने रेलवे के डीआरएम रायपुर को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में कहा गया है कि रेलवे की लचर व्यवस्था से दल्ली राजहरा के निवासी काफी परेशान हैं। दल्ली राजहरा से दुर्ग रायपुर तक चलने वाली ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी विलम्ब से चल रही हैं। इस ट्रेन से बालोद, दल्ली राजहरा तथा बस्तर क्षेत्र के व्यापारी, नौकरी पेशा वर्ग एवं छात्र तथा रोजी-मजदूरी करने वाले सफर कर अपना काम करते आ रहे हैं। ट्रेन विलम्ब होने के कारण सभी वर्ग के लोगों को काफी परेशानी होती है। किसी व्यक्ति को निर्धारित स्टेशन से आगे का सफर करना रहता है, तो वह नियत स्थान पर समय पर पहुँच नहीं पाता, जिससे उन्हें अन्य वाहन मिलने में परेशानी होती है और उन्हें गन्तव्य तक पहुँचने में काफी आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है। **समिति सदस्यों ने रखी ये मांगः** समिति के सदस्यों ने मांग की है कि दल्ली राजहरा से चलने वाली डेमू ट्रेनों को अपने निर्धारित समय पर चलाया जाए। डेमू ट्रेन की जगह पर वातानुकूलित पैसेन्जर ट्रेन चलाई जाए। इलेक्ट्रिक ट्रेन अविलम्ब शुरू की जाए। वर्तमान में चल रही ट्रेन में काफी गन्दगी रहती है, इसलिए सफाई तथा साफ पानी की समुचित व्यवस्था की जाए।

**छत्तीसगढ़ समन्वय समिति ने डीआरएम रायपुर को सौंपा ज्ञापन**



#### केंवटी से बिलासपुर के लिए शुरू करें ट्रेन

केंवटी से बिलासपुर तक ट्रेन आरम्भ की जाए, जिससे हाईकोर्ट जाने वाले लोगों का सुविधा हो। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने कहा कि अंतागढ़ से रायपुर तक चलने वाली डेमू ट्रेन तीन फेरे के लिए चलती है, जो वर्तमान में काफी विलम्ब से चल रही है। सुबह रायपुर जाते समय तो ठीक समय पर जाती है, लेकिन वापसी में काफी विलम्ब हो रहा है। रायपुर पहुँचने के बाद यह ट्रेन 1 से डेढ घंटा लेट रहती है, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस ट्रेन का संचालन समय पर करने की मांग की है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सामान्य समिति के अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी, महासचिव तोरण लाल, विजय साहू, संतोष कुमार घराना, चैतराम सार्व, राधेश्याम साहू, विजय देशमुख, संतराम सेन, गोरेलाल मिश्रा, अशोक कुमार एवं वीना साहू उपस्थित थे।

**आयोजन :** गायत्री शक्ति पीठ गुरुर में हुआ पांच दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर

# ढपली, कर्मकाण्ड, संगीत व व्यक्तित्व निर्माण के सूत्रों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के सहयोग से गायत्री शक्ति पीठ गुरुर में पांच दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से 5 मई तक किया गया।

शिविर में ढपली, कर्मकाण्ड, संगीत के साथ व्यक्तित्व निर्माण के सूत्रों का एवं प्रतिदिन सुबह योग का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के लिये सह संयोजक प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ चम्पेश्वर साहू, चेमन लाल साहू, भोलेश्वर सिन्हा, झम्मन लाल साहू, डॉ गोपाल साहू, वरुण कुमार साहू, भोलाराम साहू, पीलू राम साहू पहुंचे हुए थे। कार्यकर्ता प्रशिक्षण में जिले भर के सभी 5 ब्लॉकों से 150 से भी अधिक शिविरार्थियों ने भाग लिया। चौथा दिन अखण्ड ज्योति कलश यात्रा ग्राम तीर्थ प्रवज्या का प्रशिक्षण जिले के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अंतिम दिन 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ, जिसमें 24 प्रक्षिणार्थियों ने दीक्षा संस्कार करवाए।

ग्राम तीर्थ प्रवज्या के लिए पूरे जिले में 20 टोली बनाइ गई। उसी दिन पूर्व निर्धारित ग्रामों में कार्यक्रम के लिए भेजा गया। समापन के मुख्य अतिथि अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोंदी ईश्वर लाल गंजीर थे। अध्यक्षता जिला समन्वयक गायत्री शक्ति पीठ बालोद बीएस आठनागर ने किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सक संघ रायपुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुरुर ईशा प्रकाश साहू उपस्थित थे।





**बताई गई मां गायत्री की महिमा**

मुख्य अतिथि ईश्वर लाल साहू ने गुरु के चार अवतार के बारे में जानकारी दी एवं मां गायत्री की महिमा को बताया। ईशा प्रकाश साहू ने कहा कुछ लोगों की वजह से भगवान राम, श्री कृष्ण, मां गायत्री की महिमा के बारे में पाठ्यक्रम में नहीं लिया है, लेकिन अब युग बदल गया है अब यह सभी पाठ्यक्रम में आएंगे।

#### रक्तदान के लिए किया प्रेरित

डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सभी युवाओं को रक्तदान करने की प्रेरणा दी और स्वयं 41 बार रक्तदान करने की बात बताई। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक बीएस अटनागर ने परम पूज्य गुरुदेव परम वंदनी माता जी की महिमा के बारे में बताया, युवा प्रक्षिक्षणार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की और कहा कि इस प्राक्षिक्षण से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। ब्लाक समन्वयक गुरुर धनसिंग गंजीर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ जेआर साहू, बीआर सोनवानी, बहुर साहू, परिवाजक गायत्री शक्तिपीठ गुरुर आदनाथ हिरवानी, चिंता राम साहू दिलीप निर्मलकर युवा प्रकोष्ठ जिला बालोद द्वारिका नाथ ठाकुर, चंद्रप्रकाश गंजीर, नंदकिशोर पिसदा, यादव कुमार साहू, केजू राम साहू, हेमराज साहू, स्लेखा साहू, महिला संयोजका गायत्री शक्ति पीठ गुरुर अनुसूइया साहू, रुखमती गंजीर, अन्नपूर्णा हिरवानी, महिला संयोजिका जिला बालोद तुलसी साहू, रेणुका गंजीर का रहा। कार्यक्रम मे गायत्री परिवार के जिला के पदाधिकारी ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी एवं सभी वरिष्ठ परिजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन रोहित साहू ने किया।

# तीन युवकों ने घर घुसकर मांगी नशे की गोली, मना करने पर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




- शहर के कुंदरु पारा स्थित अटल आवास की घटना

शहर के कुंदरु पारा स्थित अटल आवास में रहने वाले एक युवक के घर घुसकर तीन युवकों ने मारपीट कर दी। यही नहीं, युवकों ने नुकीले हथियार से युवक के शरीर में तीन जगह वार भी कर दिया।

घटना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं, कोतवाली थाना में मारपीट करने वाले तीन युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दरअसल मारपीट का यह मामला नशे के कारोबार से जुड़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार मारपीट करने वाले तीनों युवक प्रियांशु ढीमर, लीलाधर साहू और राजेश्वर हल्बा तीनों अटल आवास में रहने वाले अनूप सोनकर के घर पहुंचे, जहां तीनों ने अनूप सोनकर के घर जबर्दस्ती तलाशी लेते हुए नशे की गोली मांगने लगे। इस दौरान जब अनूप सोनकर ने नशे की गोली नहीं होने की जानकारी दी। इससे नाराज तीनों युवकों ने उससे मारपीट शुरू कर दी और नुकीले हथियार से भी हमला कर दिया। घटना के बाद अनूप सोनकर ने बताया कि रविवार को दोपहर 12 बजे प्रियांशु ढीमर, लीलाधर साहू और राजेश्वर हल्बा तीनों घर के दरवाजे को लात मारते हुए जबरदस्ती घर के अन्दर आ गए। गाली गलौज करते हुए नशा की गोली दे नहीं तो मार डालेंगे कहते हुए धमकी देते हुए मारपीट की और घर का जबरन तलाशी लेने लगे। इस दौरान अनूप ने मना किया और कहा कि वह चना-फल्ली बेचने का काम करता है, नशे की गोली नहीं बेचता। जिसके बाद प्रियांशु ढीमर ने अपने पास रखे नाखून काटने के नुकीले औजार से अनूप के पेट एवं सीने में तीन बार वार कर दिया।

#### वारदात से नशे के कारोबार का खुलासा

मारपीट की इस घटना के बाद यह स्पष्ट तो हो ही गया, कि शहर में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। नशे की गोली को लेकर मारपीट की घटना से साबित हो रहा है कि शहर तथा आसपास के गांव में रहने वाले युवा नशे के गिरफ्त में हैं। हालांकि प्रार्थी अनूप ने नशे की गोली बेचने से इंकार किया है, लेकिन जिस तरह से नशे की लत लगे मारपीट करने वाले युवकों ने प्रार्थी के घर जाकर तलाशी ली और नशे की गोली की मांग की, उससे यह मामला नशे के कारोबार से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है। पुलिस मामले में मारपीट करने वाले तीनों युवक के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 452, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# भाजपाइयों के चेहरों पर साफ नजर आ रही हार की बौखलाहट : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

- पुलिस-प्रशासन की मदद से कांग्रेसियों में दहशत फैलाने का लगाया आरोप

संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया है कि हार की बौखलाहट भाजपाईयो में साफ नजर आ रही है। अब भाजपा के लोग प्रशासन और पुलिस की मदद लेकर बिना सर्च वारंट और बिना कोई कारण के एमसीबी–जीपीएम व कोरबा जिलों में कांग्रेस से जुड़े लोगों के घरों में तलाशी ले रहे हैं। मौके पर किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान व आचार संहिता का उल्लंघन हो ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली। संगीता सिन्हा बीते कुछ दिनों से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जांजगीर चांपा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए गई हुई थीं।

संगीता सिन्हा ने वहां से आने के बाद यहां प्रेस से चर्चा करते हुए कहा कि आशंकाओं के आधार पर मतदान के दो दिन पहले इस तरह बिना किसी सूचना और जानकारी के ही पुलिस द्वारा कांग्रेस नेता के घर दबिश देने से आम लोगों के बीच गलत माहौल निर्मित हो रहा है। इसके साथ ही दूसरे कार्यकर्ता व पदाधिकारी दहशत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीपीएम जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर में तलाशी ली गई। इससे संबंधित लोगों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि मरवाही विधानसभा के चनाडोंगरी बूथ के सेक्टर प्रभारी नारायण प्रसाद गुप्ता के यहां निर्वाचन आयोग द्वारा जांच की गई। चुनाव प्रचार सामग्री उनके घर पर है। हर कोने और आलमारी की तलाशी ली गई। बिना सर्च वारंट व बिना किसी आदेश के घर में अवैध रूप से 21 अप्रैल को जांच करने की शिकायत नारायण प्रसाद गुप्ता ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी रायपुर से की है। श्री गुप्ता ने कहा कि किसकी शिकायत व किसके आदेश पर तलाशी ली गई और इसकी जांच की जाए। इस घटनाक्रम को लेकर विधायक संगीता सिन्हा ने जीपीएम कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, प्रवक्ता विरेन्द्र सिंह बघेल, डॉ नागेन्द्र राय, मनोज गुप्ता के साथ थाना मरवाही पहुंचकर आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।



**टीआई पर लगाया पावती नहीं देने का आरोप**

विधायक संगीता सिन्हा ने बताया कि वे इस पूरे मामले की शिकायत लेकर मरवाही थाना पहुंचे। जहां मौजूद थाना प्रभारी पहले तो आवेदन की पावती देने को तैयार हुए, लेकिन इस बीच किसी का फोन आ गया और बाहर जाकर बात करने के बाद पावती देने से ही इंकार कर दिया। विधायक ने जब एसडीएम से बात की तो उन्होंने अपनी ड्यूटी खत्म होने का हवाला देकर आरआई के पास शिकायत लेकर जाने को कहा। विधायक श्रीमती सिन्हा ने कहा कि जब एक विधायक के साथ ऐसा हो रहा है, तो साय की सरकार में आम जनता के साथ क्या होता होगा, आसानी से समझा जा सकता है।

**लोगों को जर्जर पुल के खतरे और परेशानियों से मिली निजात**

# सिवनी में तांदुला नदी पर बना नया पुल कुछ काम बाकी पर शुरू हो गया आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- आवागमन में हो रही सुविधा, समय और ईंधन की भी हो रही बचत

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिवनी स्थित वर्षों पुराने पुल को तोड़कर आखिरकार नया पुल बना लिया गया है। वहीं, इस पुल पर लोगों का आवागमन चालू हो गया है।

ग्राम सिवनी में स्थित कलेक्टर कार्यालय तक जाने के लिए राहगीरों को वर्षों से धूल भरी कच्ची सड़क का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब जिलेवासियों को बहुत जल्द निजात मिल सकती है, क्योंकि सड़क पर बजरी गिट्टी बिछाई जा चुकी है और तांदुला नदी पर पुल बनकर तैयार हो गया है, जिस पर राहगीरों का आवागमन शुरू हो गया है। हालांकि पुल के साइड में डिवाइडर का काम निर्माणाधीन हालात में है, फिर भी आवागमन सुचारु रूप से जारी है। ग्राम सिवनी निवासी प्रभु राम देवांगन ने बताया कि पुल बहुत ज्यादा जर्जर हो गया था, जिसे प्रशासन द्वारा तोड़कर नया बनाया गया है। इससे ग्रामीणों के साथ ही अन्य राहगीरों को बहुत ज्यादा राहत मिलेगी और कम समय में बालोद व कलेक्टोरेट जा सकते हैं।



#### सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है

प्रशासन द्वारा 3.50 किलोमीटर सड़क के लिए कुल 7 करोड़ 36 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गईं थी, जिसके अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य सिवनी पुल के नीचे स्थित चौक से कलेक्टर पहुँच मार्ग लगभग 2.50 किलोमीटर दूरी तक निर्माण किया जा रहा है। वहीं, सिवनी स्कूल से जिला पंचायत कार्यालय भवन तक लगभग 1 किलोमीटर दूर जो कच्ची सड़क है, उसे भी पक्की बनाई जा रही है। यह मार्ग 7 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा।

#### पुल बनने से सरल व सुगम हुआ आवागमन

तांदुला नहर पर एक पुल के निर्माण के लिए 2 करोड़ 10 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसके अंतर्गत एक बड़ा पुल नदी पर बनकर तैयार हो गया है। इसके कारण ग्रामीण के साथ ही अन्य राहगीरों को जिला मुख्यालय बालोद व कलेक्टरेट कार्यालय जाने में आसानी होगी, जिससे दूरी के साथ ही समय की बचत होगी। वहीं, पुल के बनने से पैदल राहगीरों के साथ ही भारी वाहनों के साथ ही कार व मोटर सायकल का आवागमन सुचारु रूप से जारी है।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### ब्रह्माकुमारीज नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 9 को



**बालोद।** ब्रह्माकुमारीज बालोद के नवनिर्मित आत्मज्ञान भवन का उद्घाटन समारोह और ब्रह्माकुमारीज की सेवाओं के 28 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन राजयोगिनी बीके. हेमलता दीदी एवं राजयोगिनी बीके आशा दीदी के सानिध्य में 9 मई गुरुवार को देवारभाट में सुबह 10 से 12 बजे तक होगा। कार्यक्रम में अतिथि राजयोगिनी क्षेत्रीय निदेशिका इंदौर जोन बीके हेमलता दीदी, राज योगिनी संचालिका भिलाई क्षेत्र बीके आशा दीदी, राज योगिनी संचालिका रायपुर बीके.सविता दीदी, राजयोगिनी संचालिका दुर्ग बीके रीटा दीदी एवं विधायक डौंडी लोहारा अनिला भेड़िया, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद विकास चोपड़ा, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू होंगे।

